गतिविधि 12. *दिये गए वाक्य को बच्चों से जल्दी जल्दी बोलने को कहें –*

गतिविधि 13. *दिये गए चित्रों में कम से कम 6 अंतर खोजे, और उनका नाम भी लिखें।*

....

वर्कशीट निर्माणकर्ता –

1- *श्रीमती ममता गड़िया,*
2- *श्रीमती बबीता उपाध्याय,*
3- *श्रीमती बबीता जंगपांगी,*
4- *श्री जयंत मेर सिंह*

ब्लॉक – कपकोट (बागेश्वर)

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार – समग्र शिक्षा – सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

कक्षा– 2, वर्क शीट–3 (साप्ताहिक)

पाठ–3 (म्याऊँ म्याऊँ)

बच्चे का नाम........................	स्कूल.......................................
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *अभिभावक बच्चों से मौखिक रूप में कुछ जानवरों के बारे में बातचीत करें। जैसे–आपने अपने आस–पास कौन–कौन से जानवर देखें हैं। चित्र दिखाकर पूछें कि चित्र में कौन दिखाई दे रहा है। क्या आपने कभी बिल्ली को देखा है। बिल्ली कौन–सा जानवर है पालतू या जंगली। दो बिल्लियाँ आपस में कैसे बात करती होंगी। बिल्ली क्या खाती होगी। बिल्लियाँ कौन–कौन से रंग की होती हैं। आपके घर में अगर ये बिल्ली आ जाए तो आप क्या करोगे। इस तरह के कई अन्य प्रश्न आप बच्चों से पूछें।*

गतिविधि 2. *बच्चे 'य' की पहचान करें और लिखें।*

य ....

गतिविधि 3. *अभिभावकों से– वर्णो पर 'ओ' मात्रा लगाकर पहले आप स्वयं पढ़कर बताएं फिर बच्चों को पढ़ने और लिखने को कहें।*

ो

	ो
र	
च	
म	
न	

गतिविधि 4. **पुनरावृति गतिविधि** – *वर्णों पर मात्रा लगाकर ग्रिड पूरा करें, और पढ़ें।*

	ू	ा	े
क	कू		
च			
म			
ड़			

गतिविधि 5. *खाली बॉक्स में बनने वाला शब्द लिखें और पढ़ें।*

यु	ग	ल	ब	ना	या	य	की	न

गतिविधि 6. *अभिभावक बच्चों को शब्दों का अर्थ बतायें और बच्चों को उदाहरण देकर वाक्य बनवाएँ और लिखवाएँ।*

शब्द	अर्थ	वाक्य
सोई –	सोना	' कल रात मैं खूब 'सोई'
एकाएक –	अचानक	....
बिलखकर –	ज़ोर से रोना	....
नोक–	सिरा	....
सूझा–	तरकीब आना	....

गतिविधि 7. *अभिभावक हाव–भाव के साथ बच्चो को कविता पढ़कर सुनाएँ। और बच्चो से भी सुनें –*

कविता (म्याऊँ म्याऊँ)

सोई–सोई एक रात मैं
एक रात मैं सोई–सोई
रोई एकाएक बिलखकर
एकाएक बिलखकर रोई
रोती क्यों ना मुझे नाक पर
मुझे नाक पर एक नोंक पर,
काट गई थी चुहिया–चूँटी
चुहिया काट गई चूँटी भर
सचमुच बहुत डरी चुहिया से
चुहिया से सच बहुत डरी मैं
खड़ी देखकर चुहिया को मैं
लगी काँपने घड़ी–घड़ी मैं
सूझा तभी बहाना मुझको
मुझको सूझा एक बहाना

ज़रा डराना चुहिया को भी
चुहिया को भी ज़रा डराना
कैसे भला डराऊँ उसको
कैसे उसको भला डराऊँ
धीरे से मैं बोली म्याऊँ
म्याऊँ म्याऊँ म्याऊँ म्याऊँ

गतिविधि 8. *अभिभावक नीचे दिये गए प्रश्नों को बच्चों से पूछें व उन्हे सही जवाब देने हेतु उनकी मदद करें।*

प्रश्न–1 नाक पर कौन चूँटी काट गई थी।

उत्तर– ....

प्रश्न–2 म्याऊँ–म्याऊँ सुनकर, चुहिया ने क्या किया होगा।

उत्तर– ....

प्रश्न–3 यदि आप लड़की की जगह होते तो क्या करते?

उत्तर– ....

गतिविधि 9. *अभिभावक दिये गए वाक्य का श्रुतलेख करवाएँ व लिखने में बच्चों की मदद करें –*

रोई एकाएक बिलखकर' ....

गतिविधि 10. *अभिभावक बच्चों को चित्र दिखाते हुए कहानी के बारे में पूछें। तथा बच्चों को कहानी समझने में मदद करें। बच्चों को कहानी उनके शब्दों में सुनाने को कहें।*

गतिविधि 11. *अभिभावक बच्चों से सही शब्दों का चयन करवाते हुए वाक्य पूरा करवाएँ।*

रोई, रात, भला, डराना,

1– *सोई–सोई एक ....*

2– *एकाएक बिलखकर ....*

3– *कैसे ....डराऊँ उसको।*

4– *जरा ....चुहिया को भी।*